मुख्य क्रियाकलाप एवं उपलब्धियां

(दिसंबर-2021)

*****

दिसंबर, 2021 माह की संक्षिप्त रिपोर्ट निम्नवत् है:

1. **फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति:**

   1.1 लगभग 1.5 लाख आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एबी- एचडब्ल्यूसी) के लिए अनुमोदन दे दिया गया है। इनमें से 82,741 स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र 27 दिसंबर, 2021 तक क्रियाशील हो चुके हैं।

2. **विविध:**

   2.1 नाको द्वारा 1 दिसंबर, 2021 को डॉ.बी.आर. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में विश्व एड्स दिवस, 2021 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा तथा राजस्थान राज्यों के रेडरिबन क्लबों के छात्रों ने भी भाग लिया तथा माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री तथा सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के साथ चर्चा की। विश्व एड्स दिवस, 2021 के कार्यक्रम के विषय "असमानताओं को समाप्त करें, एड्स को समाप्त करें, महामारी को समाप्त करें" के अनुरूप, कार्यक्रम में लिंग असमानताओं, उच्च जोखिम समूहों के साथ किए जाने वाले भेदभाव, उनके अधिकारों में असमानताओं, आय में असमानता पर ध्यान देने एवं उनसे निपटने की आवश्यकता तथा संक्रमित और प्रभावित आबादी को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए काम करने पर जोर दिया गया।

   2.2 नई तथा नवप्रवर्तित कार्यनीतियों की आवश्यकता के संदर्भ में नाको द्वारा एक बहु- चरण वाली परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से प्री- एक्सपोज़र प्रोफिलैक्सिस के लिए साक्ष्य आधारित राष्ट्रीय तकनीकी दिशानिर्देश विकसित किए गए हैं। प्री- एक्सपोज़र प्रोफिलैक्सिस के लिए राष्ट्रीय तकनीकी दिशानिर्देश विश्व एड्स दिवस (1 दिसंबर, 2021) पर जारी किए गए थे।

   2.3 उच्च जोखिम वाली सभी गर्भवती महिलाओं की पहचान करने, उनका पता लगाने तथा उनके सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित करने के लिए, जिसके फलस्वरूप देश में होने वाली मातृ मृत्यु दर में अन्ततोगत्वा कमी आती है, उच्च जोखिम वाले गर्भों का पता लगाने हेतु एक विस्तारित पीएमएसएमए योजना, जो कि मौजूदा पीएमएसएमए योजना का ही आशोचित रूप है, प्रारंभ की गई है तथा उसका प्रचार- प्रसार किया गया है। यह उच्च मातृ मृत्यु की रिपोर्ट करने वाले 17 राज्यों (बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान, असम, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय) के लिए निदेशित की गई एक संकेंद्रित क्रियाकलाप संबंधी कार्यनीति है।

   2.4 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिसंबर, 2021 माह के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठकों/ कार्यक्रमों/ संगोष्ठियों/ सम्मेलनों/ वार्ताओं में भाग लिया गया अथवा मंत्रालय के अधिकारियों/ डॉक्टरों/ तकनीकी विशेषज्ञों को उनमें भाग लेने की अनुमति प्रदान की गई:-

(क) माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा दुबई के एआई एवं विदेश व्यापार मंत्री के बीच 13-14 दिसंबर, 2021 को दुबई में आयोजित की गई बैठक।

(ख) सचिव (स्वास्थ्य) तथा अमेरीका में भारत के राजदूत के बीच 15 दिसंबर, 2021 को आयोजित की गई बैठक

(ग) सचिव (स्वास्थ्य) एवं कोलम्बिया के राजदूत के बीच 15 दिसंबर, 2021 को आयोजित की गई बैठक।

(घ) भारत और क़तर के बीच 16 दिसंबर, 2021 को प्रथम संयुक्त कार्य समूह की बैठक आयोजित की गई ।